राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

प्रथम तल, ब्लॉक-6, शिक्षा संकुल परिसर,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर – 17

rajssaquality@gmail.com Ph-2701596

क्रमांक : राप्राशिप/गुणवत्ता/शाला सिद्धि/ 2018-19 6947 दिनांक : 27/9/18

जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा अभियान,
समस्त जिले।

अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा अभियान,
समस्त जिले।

विषय – शाला सिद्धि कार्यक्रम अन्तर्गत स्वयं मूल्यांकन हेतु डैश बोर्ड प्रविष्टि (सत्र 2018-19) बाबत।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शाला सिद्धि कार्यक्रम अन्तर्गत सत्र 2016-17 व 2017-18 में प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा के विद्यालयों का स्वमूल्यांकन कर सूचनाऐं डैशबोर्ड पर ऑनलाईन अपलोड की गई थी। सत्र 2018-19 में समस्त राजकीय विद्यालयों (प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा) के संस्थाप्रधानों के द्वारा अपने विद्यालय का स्वमूल्यांकन कर डैशबोर्ड पर ऑनलाईन प्रविष्टि की जानी है। यह स्वमूल्यांकन पूर्व की भॉति ही 7 आयामों व 46 मानकों के आधार पर किया जाना है।

- सभी विद्यालयों द्वारा उक्त कार्य को सम्पादित करने की अन्तिम तिथि दिनांक 15.10.2018 है।
- यह सुनिश्चित किया जाये कि संस्था प्रधानों द्वारा इन्द्राज की गई विद्यालय विकास सम्बन्धित समस्त सूचनाएँ शिक्षकों, समुदाय एवं अभिभावकों से चर्चा उपरान्त एवं साक्ष्यानुरुप/वास्तविक हो।
- सभी सूचनाओं को भरने सम्बन्धित दिशा-निर्देश, डैश बोर्ड को उपयोग करने हेतु User Manual शाला सिद्धि वैब पोर्टल (shaalasiddhi.nuepa.org) पर उपलब्ध है।
- स्वमूल्यांकन में इन्द्राज की गई समस्त सूचनाएं सम्बन्धित सभी साक्ष्यों की एक फाइल बनाकर हार्डकापी में विद्यालय द्वारा संधारित की जाये तथा यह सुनिश्चित किया जावे कि सभी सूचनाऐं वास्तविकता में सही हो।
- सभी संस्था प्रधानों/पीईईओ को आदेशित किया जावे कि वर्ष 2018-2019 हेतु स्वयं मूल्यांकन पश्चात् भरे जाने वाले डैशबोर्ड की ऑनलाईन प्रविष्टि दिशा-निर्देश एवं User Manual अनुसार की जावे।
- शाला सिद्धि पोर्टल हेतु SIQE अधिगम क्षेत्र (Learning Area) में प्राप्त ग्रेड के आधार पर अंको का रूपान्तरण सम्बन्धित दिशा-निर्देश इस पत्र के साथ संलग्न किये जा रहे है। समस्त संस्था प्रधान संलग्न दिशा-निर्देशानुसार ग्रेडों को अंको में रूपान्तरण करके ऑनलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित करें।
- शाला-सिद्धि वेब पोर्टल पर प्रारम्भिक शिक्षा के अधीनस्थ विद्यालयों (PS/UPS) से सम्बन्धित सूचनाओं की फीडिंग पीईईओ कार्यालय (ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय) एवं बीईईओ कार्यालय (शहरी क्षेत्र के विद्यालय) द्वारा की जावेगी एवं माध्यमिक शिक्षा के अधीनस्थ विद्यालयों (Secondary/Senior Secondary) से सम्बन्धित सूचनाओं की फीडिंग विद्यालय द्वारा की जावेगी।
- समस्त जिला परियोजना समन्वयक, प्रारम्भिक/माध्यमिक शिक्षा, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा अभियान, समस्त बीईईओ एवं पीईईओ अपने स्तर से प्रभावी मॉनिटरिंग कर नियत समय में कार्य को सम्पादित करावें।

www.rajteachers.com

- ऑन–लाइन फीडिंग में आने वाली किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या हेतु ब्लॉक ऑपरेटर/आरपी शाला–सिद्धि एवं एसएसए जिला एम.आई.एस. को उचित मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु पाबन्द करें।
- जिला स्तर पर समस्या का समाधान नहीं होने पर राज्य स्तर से दूरभाष नम्बर– 0141–2701596 व ई–मेल आईडी (rajssaquality@gmail.com) पर समन्वय करें।
- निर्धारित समय में ब्लॉक एवं पंचायत में चयनित समस्त विद्यालयों का फीडिंग कार्य–पूर्ण करवाने की पूर्ण जिम्मेदारी ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी की होगी।
- किसी भी स्थिति में कार्य–पूर्ण करने की अवधि में कोई वृद्धि नहीं की जायेगी।

संलग्नः– SIQE अधिगम क्षेत्र (Learning Are) में प्राप्त ग्रेड के आधार पर अंको का रूपान्तरण सम्बन्धित दिशा–निर्देश

(शिवांगी स्वर्णकार)
राज्य परियोजना निदेशक

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग,जयपुर।
2. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर।
4. निजी सचिव, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर।
5. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त– प्रथम, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
6. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त– द्वितीय, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
7. प्रो. प्रनीति पाड्या, प्रभारी, शाला सिद्धि कार्यक्रम, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली।
8. अतिरिक्त जिला परियोजन समन्वयक, सर्वशिक्षा अभियान/रमसा, समस्त।
9. ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, समस्त ब्लॉक।
10. पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, समस्त।
11. रक्षित पत्रावली।

राज्य परियोजना निदेशक

www.rajteachers.com

शालासिद्धि पोर्टल हेतु SIQE अधिगम क्षेत्र में प्राप्त ग्रेड के आधार पर अंको में रूपांतरण -

अधिगमक्षेत्र (Learning Area) मेंग्रेडनिर्धारण –

- ग्रेडA यदिविद्यार्थीस्वयंकरनेमेंसक्षमहै|
- ग्रेडBयदिविद्यार्थीशिक्षककीसहायतासेकरनेमेंसक्षमहै|
- ग्रेडC यदिविद्यार्थीनहीस्वयंकरनेमेंऔरनहीशिक्षककीसहायतासेकरनेमेंसक्षमहै|

नामांकित कक्षा 1 हेतु रूपांतरण

- कुल संभवित ग्रेड = 3 (A,B व C)
- आधार स्कोर = 30

ग्रेड के अनुसार स्कोर -

ग्रेड	स्कोर
1A	30
1B	20
1C	10

(नोट : यहाँ ग्रेड के पूर्व लिखा अंक विद्यार्थी के कक्षास्तर को दर्शाता है |)

- प्राप्तांक = (स्कोर / आधार स्कोर) * 100
- 1A हेतु प्राप्तांक = (30/30) * 100 = 100
- 1Bहेतु प्राप्तांक = (20/30) * 100 = 67
- 1Cहेतु प्राप्तांक = (10/30) * 100 = 33

www.rajteachers.com

नामांकित कक्षा 2 हेतु रूपांतरण

- कुल संभवित ग्रेड = 6 (2A,2B, 2C, 1A,1B व 1C)
- आधार स्कोर = 60

ग्रेड के अनुसार स्कोर -

ग्रेड	स्कोर	ग्रेड	स्कोर
1A	30	2A	60
1B	20	2B	50
1C	10	2C	40

(नोट : यहाँ ग्रेड के पूर्व लिखा अंक विद्यार्थी के कक्षास्तर को दर्शाता है ।)

- प्राप्तांक = (स्कोर / आधार स्कोर) * 100
- 2Aहेतु प्राप्तांक = (60/60) * 100 = 100
- 2Bहेतु प्राप्तांक = (50/60) * 100 = 83
- 2Cहेतु प्राप्तांक = (40/60) * 100 = 67
- 1A हेतु प्राप्तांक = (30/60) * 100 = 50
- 1Bहेतु प्राप्तांक = (20/60) * 100 = 33
- 1Cहेतु प्राप्तांक = (10/60) * 100 = 17

नामांकित कक्षा 3 हेतु रूपांतरण -

- कुल संभवित ग्रेड = 9(3A,3B , 3C 2A,2B, 2C, 1A,1B व 1C)
- आधार स्कोर = 90

ग्रेड के अनुसार स्कोर–

ग्रेड	स्कोर	ग्रेड	स्कोर	ग्रेड	स्कोर
1A	30	2A	60	3A	90
1B	20	2B	50	3B	80
1C	10	2C	40	3C	70

(नोट : यहाँ ग्रेड के पूर्व लिखा अंक विद्यार्थी के कक्षास्तर को दर्शाता है ।)

www.rajteachers.com

नामांकित कक्षा 4 हेतु रूपांतरण -

- कुल संभवित ग्रेड = 12(A,4B ,4C ,3A,3B , 3C 2A,2B, 2C, 1A,1B व 1C)
- आधार स्कोर = 120

ग्रेड के अनुसार स्कोर –

ग्रेड	स्कोर	ग्रेड	स्कोर	ग्रेड	स्कोर	ग्रेड	स्कोर
1A	30	2A	60	3A	90	4A	120
1B	20	2B	50	3B	80	4B	110
1C	10	2C	40	3C	70	4C	100

(नोट : यहाँ ग्रेड के पूर्व लिखा अंक विद्यार्थी के कक्षास्तर को दर्शाता है ।)

नामांकित कक्षा 5 हेतु रूपांतरण -

- कुल संभवित ग्रेड = 15 (5A,5B, 5C,4A,4B ,4C ,3A,3B , 3C 2A,2B, 2C, 1A,1B व 1C)
- आधार स्कोर = 150

ग्रेड के अनुसार स्कोर –

ग्रेड	स्कोर	ग्रेड	स्कोर	ग्रेड	स्कोर	ग्रेड	स्कोर	ग्रेड	स्कोर
1A	30	2A	60	3A	90	4A	120	5A	150
1B	20	2B	50	3B	80	4B	110	5B	140
1C	10	2C	40	3C	70	4C	100	5C	130

(नोट : यहाँ ग्रेड के पूर्व लिखा अंक विद्यार्थी के कक्षास्तर को दर्शाता है ।)

www.rajteachers.com